

# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 20.09.2021 से 25.09.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हिसार डेवलपमेंट प्लान

(दिनांक 20.09.2021)



**विषय: हिसार डेवलपमेंट प्लान।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हिसार के डेवलपमेंट के संदर्भ में एक विस्तृत प्लान की समीक्षा की जिसमें हिसार एयरपोर्ट बनने के साथ–2 शहर के अन्य हिस्सों को विकसित करने का खाका भी था।

जिसके तहत हिसार में धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल, राष्ट्रीय बस स्टैंड, रेलवे स्टैंड का कायाकल्प, मेडिकल यूनिवर्सिटी और इण्डस्ट्री जैसे कई महत्वपूर्ण विषय शामिल थे।


माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को एक उच्चस्तरीय समिति गठित कर उक्त प्लान की समीक्षा करने और सम्पूर्ण हिसार के विकास के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए।

## विधायकों से मुलाकात

(दिनांक 21.09.2021)

**विषय: विधायकों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर विभिन्न हल्कों के विधायकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण कर हल्के के विकास कार्यों की जानकारी ली।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## थाइलैंड के राजदूत से मुलाकात

(दिनांक 21.09.2021)





**विषय: थाइलैंड के राजदूत से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने थाइलैंड की राजदूत होंगटोंग से मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा और थाइलैंड की द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ–2 ऑटोमोबाइल, कृषि और विभिन्न क्षेत्रों में एक्सचेंज प्रोग्राम को बढ़ाने पर जोर दिया।

जिसके तहत फैकल्टी और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम भी शामिल है। थाइलैंड की राजदूत ने हरियाणा को उद्योग, निवेश और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का वादा किया। साथ उन्होंने हरियाणा में चल रहे परिवार पहचान कार्यक्रम की सराहना की और इसे अच्छी पहल बताया।

## कार फ्री डे


(दिनांक 22.09.2021)



**विषय: कार फ्री डे।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पर्यावरण की दृष्टि से मनाए जाने वाले कार फ्री डे के उपलक्ष्य में पूरे दिन कार का इस्तेमाल न करके साईकिल और ई–स्कूटी का इस्तेमाल किया। मुख्यमंत्री जी प्रातः अपने निवास से सचिवालय भी साईकिल से ही गए और उसी से आए।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी को पर्यावरण को बचाने और प्रदूषण को कम करने में अपना सहयोग देने का आवहान किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'हरित स्टोर' प्रोजेक्ट की समीक्षा

(दिनांक 22.09.2021)




**विषय: 'हरित स्टोर' प्रोजेक्ट की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हर हित रिटेल स्टोर योजना की समीक्षा की जिसक तहत अब तक कुल 1258 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें से 982 का सर्वे किया जा चुका है और 509 खुलने के लिए तैयार हैं।

- इस योजना के तहत लगभग 2000 रिटले स्टोर खोले जाने हैं जो गावों और शहरों दोनों जगह खोले जाएंगे।
- हरियाणा का 21 से 35 आयु वर्ग का कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर स्टोर खोलने के लिए अप्लाई कर सकता है।
- स्टोर खोलने के लिए लोन दिलाने का प्रावधान भी सरकार करेगी।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान के तहत लोन लेकर स्टोर खोलने वाले लोगों के लोन का एक साल का ब्याज सरकार वहन करेगी।
- 7 अक्तूबर को माननीय प्रधानमंत्री जी के 71वें जन्मदिन के अवसर पर 71 सेंटरों का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से करेगें।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने वीटा के 5000 बूथ खोलने और हरियाणा का अपना ब्रांड स्थापित करने की योजना बनाने का भी निर्देश दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'कृष्णा महोत्सव' चर्चा
(दिनांक 22.09.2021)




**विषय: 'कृष्णा महोत्सव' चर्चा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में कृष्णा महोत्सव पर विभिन्न अधिकारियों और आयोजन कर्ताओं के साथ चर्चा की जिसके तहत हरियाणा को भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जोड़कर महोत्सव के रूप में मनाने पर विचार विमर्श किया गया।

इसके लिए कुरूक्षेत्र अथवा दिल्ली के आस–पास के उचित स्थान पर विचार करने और योजना बनाने के निर्देश माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिए।


## केबिनेट बैठक
(दिनांक 22.09.2021)



**विषय: केबिनेट बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित सचिवालय में कैबिनेट की बैठक ली। जिसके तहत बागवानी किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए:–

- मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना को लागू करने की मंजूरी दी गई।
- साथ ही सभी सहायक अधीक्षक जेल के रिक्त पदों को भरने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पजांब के मुख्यमंत्री जी से भेंट वार्ता
(दिनांक 22.09.2021)

**विषय: पजांब के मुख्यमंत्री जी से भेंट वार्ता।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सचिवालय स्थित अपने दफतर में पंजाब के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री चरणजीत सिंह चन्नी जी से भेंट कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

## केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री जी के साथ वायु गुणवत्ता सुधार पर विडियो कांफ्रेंस
(दिनांक 23.09.2021)




**विषय: केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री जी के साथ वायु गुणवत्ता सुधार पर विडियो कांफ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने NCR में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य योजना साझा की कॉर्मिलडहाइड उद्योग को दोबारा शुरू करने का आग्रह किया।

- मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान के क्षेत्र के 10.7 प्रतिशत कम होने।
- CNG, PNG पाइप लाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर केन्द्र ने पराली प्रबंधन पर हरियाणा द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## टाटा स्टील के प्रबंधकों से मुलाकात

(दिनांक 23.09.2021)



**विषय: टाटा स्टील के प्रबंधकों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने टाटा स्टील के प्रबधंकों से मुलाकात कर रोहतक में टाटा स्टील की और से लगाए जा रहे 'स्क्रेप' प्लांट' के प्रोजेक्ट पर चर्चा की।

इस अवसर पर टाटा स्टील के प्रबंधकों द्वारा जानकारी दी गई कि कंम्पनी इस प्रोजेक्ट के तहत हरियाणा में लगभग 2500 कराडे. रूप्ये का निवेश करेगी। जिसके तहत पुराने हो चुके वाहनों को स्क्रेप कर उनसे स्टील बनाने का प्लांट भी शामिल है। जिससे हरियाण में इण्डस्ट्री के क्षेत्र में काफी विकास होगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कम्पनी को हरियाणा सरकार की और से पूर्ण सहयोग देने का वादा किया और इस प्रोजेक्ट को हरियाणा में लगाने के लिए धन्यवाद दिया।


## मधुमक्खी पालन नीति और कार्य योजना की शुरूआत

(दिनांक 23.09.2021)



**विषय: मधुमक्खी पालन नीति और कार्य योजना की शुरूआत।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा मधुमक्खी पालन नीति 2021 और कार्ययोजना 2021–2030 का शुभारंभ किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने मधुमक्खी पालन के तहत शहद के उत्पादन को 2030 तक 10 गुणना करने और 5000 नए किसानों को इससे जोड़ने का भी निर्देश दिया। इसके तहत छोटे किसानों पर अधिक ध्यान देने और उन्हें सरकारी सहायता प्रदान करने पर भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने जोर दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नर्सिंग कॉलेज पॉलिसी की समीक्षा

(दिनांक 23.09.2021)

**विषय: नर्सिंग कॉलेज पॉलिसी की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नर्सिंग कॉलेज पॉलिसी की समीक्षा। उक्त बैठक में माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज जी भी मौजूद थे। जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–

- सभी नर्सिंग कॉलेजों के पास अपना 100 बेड का अस्पताल होना अनिवार्य है।
- जिन नर्सिंग कॉलेजों के पास अपना अस्पताल नहीं है उन कॉलेजों को भारत सरकार से मान्यता प्राप्त अस्पताल से स्वयं को संबद्ध करना अनिवार्य होगा।
- एक या दो कमरों में चल रहे और नियम व शर्तों की अवलेहना कर रहे नर्सिंग कॉलेजों को बंद किया जाएगा।

## आदित्य बिड़ला ग्रुप के प्रबंधक से मुलाकात

(दिनांक 23.09.2021)




**विषय: आदित्य बिड़ला ग्रुप के प्रबंधक से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने आदित्य बिड़ला ग्रुप के CEO अजीत कुमार और रीजनल हैड पीयूष, प्रोजेक्ट हैड कलीमुदीन से मुलाकात की।

- इस प्रोजेक्ट के लिए 70 एकड़ जमीन HSIIDC द्वारा आवंटित की गई है जिसका नियमित आवंटन पत्र आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ग्रुप के सदस्यों को सौंपा।
- इस सयंत्र में 550 लोगों को सीधे रोजगार प्रदारन किया जाएगा।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने बिड़ला ग्रुप को शुभकामनाएं दी और हरियाणा सरकार द्वारा पूरा सहयोग करने का वादा किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमति निर्मला सीतारण जी ने मुलाकात

(दिनांक 24.09.2021)



**विषय: केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमति निर्मला सीतारण जी ने मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला जी के साथ चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात वित्त मंत्री जी के पंचकूला के दौरे के दौरान हुई।


वित्त मंत्री जी ने हरियाणा के वित्तीय प्रबंधन की तारीफ की और हरियाणा द्वारा कोरोना काल में भी कोई अतिरिक्त कर्ज न लेने को सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण जी को स्मृति चिन्ह के रूप में गीता भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

## समर्पण पोर्टल का उद्घाटन

(दिनांक 25.09.2021)

**विषय: समर्पण पोर्टल का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर वालेंटियर पोर्टल 'समर्पण' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से सरकार के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं प्रदान कर सकता है। मुख्यमंत्री जी ने इसे पंडित दीनदयाल जी के व्यक्तित्व और चिंतन से जोड़कर कहा कि जिस तरह दीनदयाल जी समाज के बारे में सोचते थे उसी तरह हमें भी केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज के लिए सोचना



# साप्ताहिक सूचना पत्र




चाहिए और कार्य करना चाहिए। ऐसी ही सोच रखने वाले व्यक्तियों को आगे लाने में यह पोर्टल मदद करेगा। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने 'हुनर' ऐप्प और फॉरेन कॉरपोरशन विभाग की वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। हुनर ऐप्प के माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैक किसी भी क्षेत्र की ट्रेनिंग ले सकता है और कुशलता हासिल कर सकता है। साथ ही इस ऐप्प के माध्यम से रोजगार की जानकारी भी युवाओं को मिलती रहेगी।

यह समस्त जानकारी माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रेस कॉफ्रेंस के माध्यम से हरियाणा की जनता को दी। साथ ही इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मोदी–मनोहर सरकार को इतिहास में किसानों की भलाई की सरकार के रूप में याद रखा जाएगा।

## करनाल दौरा

**(दिनांक 25.09.2021)**

**विषय: करनाल दौरा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने करनाल प्रवास के दौरान जनता दरबार में विभिन्न लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने करनाल के रामनगर में एक रेलवे ऊपरगामी पुल और टिकट बूथ का भी उद्घाटन किया। जिसकी लागत करीब 14 करोड़ रूप्ये है। साथ ही एक कम्यूनिटी सेंटर का भी उद्घाटन किया जो करीब 87 लाख रूप्ये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। करनाल प्रवास से दौरान ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल नहर के दोनों और बनने वाले साइकिल ट्रैक, मेरठ रोड़ का भी निरीक्षण और बच्चों को अपने हाथ से पोलियो की दवा पिलाकर पोलियों अभियान की शुरूआत भी की।